जेपी यूनिवर्सिटी अनूपशहर में सेल्सफोर्स विशेषज्ञ प्रशांत लखेरा ने डेवऑप्स और एलएलएमऑप्स पर सत्र लिया

अनूपशहर (विधान केसरी)। जेपी यूनिवर्सिटी अनूपशहर में कोडिंग हब ने डेवऑप्स और एलएलएमऑप्स जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर एक खास सत्र आयोजित किया। इस सत्र को कैलिफोर्नियाए यूएसए के मशहूर सेल्सफोर्स विशेषज्ञ प्रशांत लखेरा ने संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन कोडिंग हब टीम ने कियाए जिसमें हब प्रभारी डॉण सुमन साहाए डॉण कपिल शर्मा और राहुल गुप्ता ने प्रमुख भूमिका निभाई। सचिव ईशा गर्ग और संयुक्त सचिव देवोजीत ने आयोजन में सहयोग किया।

प्रशांत लखेरा ने अपनी प्रस्तुति में डेवऑप्स और एलएलएमऑप्स के बारे में सरल और समझने लायक तरीके से बताया। उन्होंने यह भी समझाया कि ये तकनीकें उद्योग में कैसे इस्तेमाल की जा रही हैं। इसके बाद एक सवाल.जवाब सत्र हुआए जिसमें छात्रों ने अपने सवाल पूछे और उपयोगी जानकारी हासिल की। सत्र को छात्रों और शिक्षकों ने खूब सराहा। कोडिंग हब टीम की मेहनत और प्रशांत लखेरा के अनुभव ने इस कार्यक्रम को सफल बनाया। इस कार्यक्रम में डॉण राखी पांडेयए डॉण शैलेन्द्र त्रिपाठी समेत कई अन्य प्रोफेसर तथा विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र.छात्राएं भी शामिल हुए।